
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# ग्रामीण क्षेत्रों को केएमओयू बसों का संचालन पूरी तरह ठप रहा

**जिम्मेदार कौन**

## यात्री घंटों बस स्टेशन पर बसों का करते रहे इंतजार

संवाददाता

बागेश्वर। दीपावली पर्व पर चालक और परिचालक अवकाश पर चले गए हैं। जिस कारण शुक्रवार को केवल तीन केएमओयू की बसें यहां से हल्द्वानी को रवाना हुई। जबकि अन्य जिलों को कोई भी केएमओयू की बस नहीं गई। जिससे यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गईं हैं। आगामी सोमवार से केएमओ की बसों का नियमित संचालन होने की उम्मीद है। जबकि टैक्सी चालक भी बिना बुकिंग के स्टैंड से नहीं हिले। जिले में रोडवेज की गिनी–चुनी बसें चलतीं हैं। दिल्ली, देहरादून के अलावा अन्य स्थानों को बसों का संचालन नहीं होता है।

केएमओयू पर जिले की यातायात व्यवस्था निर्भर है। दीपावली पर्व के कारण बस संचालक अवकाश पर हैं। जिस कारण यातायात व्यवस्था एक तरह से पटरी से उतर गई है। जिले से शुक्रवार को एक–एक घंटे के अंतराल के बाद तीन केएमओ की बसें रवाना हुई। जिसे यात्रियों को सीट तक नहीं मिली। इसके अलावा टैक्सी चालकों की भी अच्छी कमाई हुई। वह दीपावली पर्व पर बुकिंग के अलावा सवारी उठाने से परहेज करते दिखे।



पिथौरागढ़, बनकोट, रामनगर, रानीखेत, ग्वालदम, गरुड़, कौसानी, चौगांवछीना समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को केएमओयू बसों का संचालन पूरी तरह ठप रहा। यात्री घंटों बस स्टेशन पर बसों का इंतजार करते हैं। दिल्ली जा रहे रोहन और मनोज ने बताया कि शनिवार को उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करनी है। लेकिन रोडवेज की बसों में तिल रखने की जगह नहीं है। प्राइवेट बसों की भी कमी है। वे टैक्सी से जा रहे हैं। इससे उन्हें दोगुना भाड़ा देना पड़ रहा है।

> *जिले के भीतर 45 से 50 बसों का संचालन होता है। बस स्टेशन से शुक्रवार को केवल तीन बसों का संचालन किया गया। रविवार और सोमवार से धीरे–धीरे यातायात व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है। चालक और परिचालक दीपावली के अवकाश पर हैं।*
>
> – धरणीधर जोशी, प्रभारी केएमओयू, बागेश्वर।

## न्यूज डायरी

### सभी मानव जाति को भोजन पानी और कोरोना दौर के चलते मास्क बाटे

**संवाददाता** देहरादून। वर्ड आर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज (वर्क) के बैनर तले हिन्दू,मुस्लिम,सिख,ईसाई ,एकता भाईचारा ,मानव सेवा,देश सेवा के तहत गरीब ,अमीर सभी मानव जाति को भोजन पानी और कोरोना दौर के चलते मास्क भी बाटे गए। ये कार्यक्रम पलटन बाजार की जामा मस्जिद के बाहर जुमे की नमाज के बाद किया गया जहां भोजन वितरित करने की शुरूआत शहर काजी जनाब मोहम्मद अहमद कासमी और पंडित कालू भगत द्वारा की गई। इस अवसर पर शहर काजी मोहम्मद अहमद कासमी और पंडित कालू भगत ने भोजन ,पानी,और मास्क, वितरित करते हुए सभी को भाईचारे का पैगाम देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हम सभी देश वासियों को करते रहना चाहिए इससे मानवता और देश को मजबूती मिलती है।

### हायलो ओपन 2021 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

**संवाददाता** अल्मोड़ा। 2 से 7 नवम्बर तक सारवकेन, जर्मनी में हो रहे हायलो ओपन में लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन करते क्वॉर्टर फाइनल में स्थान बना लिया है। पहले दौर में लक्ष्य ने फ्रांस के विश्व के 38 नम्बर के खिलाड़ी वांग को खिलाड़ी सीधे सेटों में 21– 17 व 21–14 से सीधे सेटों में हराया था। दूसरे दौर में लक्ष्य ने चाइना तायपे के टूर्नामेंट में चौथी वरीयता व विश्व में 19 वी रैंक प्राप्त वांग तजु वी को 22–17व 21–14 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य सेन की विश्व रैंकिंग अब २१ वें नम्बर में आ चुकी है। लक्ष्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उत्तरॉचल स्टेट बैडमिंटन संघ के चीफ पैटर्न अशोक कुमार समेत समस्त उत्तराखंड बैडमिंटन परिवार व खेल प्रेमियों ने के बधाई प्रेषित करते हुए क्वॉर्टर फाइनल के लिए शुभकामनाएं दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिथौरागढ़ के कामाक्षा मंदिर में की पूजा

**संवाददाता** पिथौरागढ़। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ धाम पहुंचते ही नगर के प्रमुख मंदिर मां कामाक्षा मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र सिंह वल्दिया की अगुवाई में भापजा कार्यकर्ताओं ने पूजा,अर्चना की और पूरे देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में बड़ा स्क्रीन लगा कर केदारनाथ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। केदारनाथ मंदिर में पूजा, शंकराचार्य की समाधि और उनकी मूर्ति के लोकार्पण के कार्यक्रम को देखने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य लोग भी पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र सिंह वल्दिया ने कहा कि केदारनाथ से प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के लिए लोग सुबह से ही कामाक्षा मंदिर परिसर में पहुंच गए थे।

## राज्यपाल और सीएम ने सरहद पर तैनात जवानों के साथ मनाइ दीवाली

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल उत्तराखण्ड ले.ज. गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरहद पर तैनात देश के जवानों के साथ दीवाली मनाई। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्यपाल और मुख्यमंत्री दीपावली पर इस्ट कैम्प, गढ़वाल स्काउट, माणा पहुंचे और सेना के जवानों के साथ मिलकर उनका हौसला बढाया। इस मौके पर उन्होंने जवानों को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में सरहदों पर तैनात देश के जवानों के जोश और जुनून पर हम सबको गर्व है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के ईस्ट कैंप माणा पंहुचने पर सेना के जवानों ने गार्ड आफ आनर देकर उनका स्वागत किया।

राज्यपाल ने सेना के जवानों में जोश भरते हुए कहा कि सेना की बहादुरी, साहस, शौर्य और पराक्रम से आज पूरा विश्व परिचित है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य का क्षण है कि आज मे सरहद पर डटे अपने जवानों के बीच हूं। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिवार व देश के समस्त नागरिकों को प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सैनिकों को अपने हाथों से मिठाई बांटी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सेना के जवानों के साथ दीवाली मनाने का मेरा सपना था। दीपावली पर सेना के जवानों से मुलाकात के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री बद्रीनाथ मंदिर पहुंचे और भगवान बद्रीनाथ जी की पूजा अर्चना करते हुए देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।



### केदारनाथ भ्रमण के बाद पीएम दिल्ली लौटे

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केदारनाथ भ्रमण के पश्चात दिल्ली प्रस्थान के अवसर पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल ले.ज.(से.नि) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद्र अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं अन्य महानुभावों ने उन्हें विदाई दी।

## सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की तर्ज पर कर रहे विकास कार्य: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार गुरुवार को बद्रीनाथ धाम से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 11:45 बजे पॉलीप्लेक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड मैदान खटीमा पहुंचे,जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका पूरे उत्साह व उमंग के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों में विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, अध्यक्ष मंडी समिति नंदन सिंह खड़ायत, मंडल अध्यक्ष सतीश गोयल, नवीन बोरा, गोपाल बोरा, संतोष अग्रवाल, नवीन कन्याल, किशोर राणा, रमेश जोशी, किशन सिंह किन्ना, दिनेश अग्रवाल, गंभीर सिंह धामी आदि शामिल थे। इसके साथ ही जिलाधिकारी



श्रीमती रंजना राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर, मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगाई द्वारा भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही धामी ने पॉलीप्लेक्स कारपोरेशन मैदान तथा नगला तराई स्थित अपने आवास पहुँच कर क्षेत्रवासियों से भेंट की तथा सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। धामी ने अपने आवास के पास चल रहे पेंटिंग कार्य मे प्रतिभाग करते हुए पेंटिंग भी की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ.आरबी सिंह की शोक–सभा व स्वर्गीय बाबूराम कुशवाहा के घर पहुंच कर दुःख एवं संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बन्धाया। धामी ने लोहियाहेड विद्युत लाइन अंडर ग्राउंड करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत तथा शहर की प्रमुख सड़कों की डीपीआर तैयार कर शासन में भेजने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को दिए। धामी ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार ने भी पेट्रोल की कीमत पर 2 प्रति लीटर दाम कम किया है। उन्होंने कहा कि अधिकतम लोगों को फायदा पहुंचाना प्रमुख उद्देश्य है।

## पीएम मोदी के केदारनाथ दौरे को हरीश रावत ने लिया निशाने पर

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केदारनाथ दौरे को उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने आड़े हाथ लिया है। रावत ने कहा कि पीएम मोदी केदारनाथ सिर्फ प्रसारण के लिए गए। उन्होंने ये भी कहा कि भगवान शिव अहंकार को स्वीकार नहीं करते। हरीश रावत यहीं नहीं रुके, उन्होंने ये भी कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस सरकार के किए कार्यों का लोकार्पण कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ही अधूरे निर्माण पूरे करेगी। पीएम मोदी के दौरे के दौरान कांग्रेस ने देवस्थानम बोर्ड के विरोध में प्रदेशभर में शिवालयों में जलाभिषेक किया।

इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के केदारनाथ दौरे पर निशाना साधा। हरीश रावत ने कहा कि पीएम मोदी तो राजनीतिक भाषण के लिए आए हैं। वे अपनी पार्टी की मार्केटिंग कर रहे हैं, लेकिन हम अपने शिवालयों में ही ज्योतिर्लिंग देखते हैं और अपने शिवालयों में ही केदारनाथ देखते हैं और यहां जलाभिषेक कर रहे हैं। देश में शांति, सौहार्द और भाईचारा बना रहे और लोकतंत्र बचे रहे इसकी हमने कामना की है।